# लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ

मूल प्रति
माननीय कुलाधिपतिजी
को भेजी गई
(हस्ताक्षर)

समय व दिन : अपरान्ह् 05:00 बजे – बृहस्पतिवार
स्थान : समिति कक्ष, प्रशासनिक भवन (कुलसचिव कार्यालय )

दिनांक : 23.05.2014 अपरान्ह् 05:00 बजे – बृहस्पतिवार को समिति कक्ष, प्रशासनिक भवन (कुलसचिव कार्यालय ) में सम्पन्न हुई कार्य परिषद् की बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थेः–

| | | |
|---|---|---|
| 26. प्रो0 एस0बी0 निमसे | – | अध्यक्ष |
| 27. प्रो0 ए0के0 सेनगुप्ता | – | सदस्य |
| 28. प्रो0 निरूपमा अग्रवाल | – | सदस्य |
| 29. प्रो0 निधि बाला | – | सदस्य |
| 30. डॉ0 अशोक कुमार सोनकर | – | सदस्य(अनु0) |
| 31. डॉ0 महेन्द्र कुमार | – | सदस्य |
| 32. डॉ0 अनिल कुमार | – | सदस्य |
| 33. डॉ0 सारनाथ सिंह | – | सदस्य |
| 34. प्रो0 यू0सी0 वशिष्ठ | – | सदस्य (अनु0) |
| 35. प्रो0 डी0पी0 तिवारी | – | सदस्य |
| 36. डा0 गीता अस्थाना | – | सदस्य |
| 37. डॉ0 देश दीपक | – | सदस्य |
| 38. डॉ0 बबिता जयसवाल | – | सदस्य |
| 39. डॉ0 शशि लता सिंह | – | सदस्य |
| 40. डॉ0 एस0पी0 सिंह | – | सदस्य |
| 41. श्री अनिल कुमार सिंह | – | सदस्य |
| 42. डॉ0 सूर्य कान्त | – | सदस्य |
| 43. श्री सुरेश चन्द्र तिवारी | – | सदस्य |
| 44. श्री देवी प्रसाद चौधरी | – | सदस्य |
| 45. माननीय न्यायाधीश, श्री डी0पी0 सिंह | – | सदस्य (अनु0) |
| 46. सुश्री परवीन तल्हा, आई0आर0एस0(सेवानिवृत्त) | – | सदस्य |
| 47. श्री रमेश चन्द्र त्रिपाठी, आई0ए0एस0(सेवानिवृत्त) | – | सदस्य |
| 48. प्रो0 गुरदीप सिंह | – | सदस्य (अनु0) |
| 49. कै0 अमिताभ प्रकाश, पी0सी0एस0 | – | सचिव |
| 50. प्रो0 ए0 चटर्जी | – | वित्त अधिकारी (अनु0) |

Scanned by CamScanner

09.

बैठक की कार्यवाही आरम्भ करते हुए अध्यक्ष महोदय ने डॉ0 नीरज कुमार, उपाचार्य, व्यापार प्रशासन विभाग के सम्बन्ध में की गयी अनुशासनिक कार्यवाही के संक्षिप्तांश विवरण से समस्त माननीय सदस्यों को अवगत कराया और बैठक की कार्यवाही आरम्भ करने हेतु सचिव महोदय को निर्देश दिये तत्पश्चात् बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गयी।

परिषद ने डॉ0 नीरज कुमार द्वारा प्राप्त कराए गए प्रत्युत्तर पर विचार किया। डॉ0 नीरज कुमार का प्रत्युत्तर संन्तोषजनक नहीं पाया गया, क्योंकि प्रत्युत्तर में जो भी बिन्दु उठाए गए थे उनका विधि सम्मत निस्तारण अनुशासनिक समिति द्वारा पूर्व में ही किया जा चुका था। चूंकि अपने प्रत्युत्तर के अन्तिम प्रस्तर में डॉ0 नीरज कुमार ने अनुरोध किया था कि उन्हें कार्य परिषद के समक्ष व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर भी प्रदान किया जाए, उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए डॉ0 नीरज कुमार को परिषद के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया। डॉ0 नीरज कुमार ने कार्य परिषद के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा तथा अपने विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के दृष्टिगत उन्होंने विश्वविद्यालय की सेवा से त्याग पत्र देते हुए त्याग पत्र स्वीकार करने का अनुरोध किया। अनुशासनिक समिति की जाँच आख्या के आधार पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अनुशासनिक समिति की जाँच आख्या पर कार्यवाही करते हुए कार्य परिषद ने डॉ0 नीरज कुमार के वेतन से दो वेतन वृद्धि रोके जाने तथा उनके विरूद्ध निन्दा प्रस्ताव पारित किये जाने के आदेश दिए। कार्य परिषद ने डॉ0 नीरज कुमार द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तुत त्याग पत्र दिनाँक 23.05.2014 को स्वीकार कर लिया।

परिषद द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि डॉ0 नीरज कुमार की प्रोन्नति के प्रकरण जो माननीय उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ के समक्ष लम्बित हैं यथावत् चलते रहेंगे तथा इन प्रकरणों में माननीय न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेशों के अनुरूप अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

उक्त के आलोक में डॉ0 नीरज कुमार के विरूद्ध प्रचलित अनुशासनिक कार्यवाही समाप्त हुई।

For approval please. May consider NB also
2/8/14

| | |
|---|---|
| **(डॉ0 एस0बी0 निमसे)** | **(कै0 अमिताभ प्रकाश)** |
| कुलपति | कुलसचिव |
| लखनऊ विश्वविद्यालय | लखनऊ विश्वविद्यालय |
| लखनऊ | लखनऊ |

Hon'ble VC
29-8 approved

NB – whether detailed order is required or not